श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
14.02.2025
फाल्गुन कृष्णपक्ष द्वितीया संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 171

सूर्योदय-सूर्यास्त
उदय - 06:34 बजे
अस्त - 05:44 बजे

तापमान
अधिकतम : 31 डिग्री से.
न्यूनतम : 14 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश >> पेज 03
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज रांची में >> पेज 04

### सुविचार

किसी को हराना बहुत आसान है लेकिन किसी का दिल जीतना बहुत मुश्किल है

### न्यूज अपडेट्स

## शब-ए-बारात की छुट्टी आज

**रांची।** झारखंड सरकार ने शब-ए-बारात पर 14 फरवरी को छुट्टी की घोषणा की है। कार्मिक, प्रशानिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने इससे संबंधित आदेश गुरुवार को जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि 14 अक्टूबर 2024 में जारी अधिसूचना के तहत वर्ष 2025 में विभिन्न पर्वों और अवसरों पर झारखंड राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालयों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। इस अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए शब-ए-बारात के अवसर पर 14 फरवरी 2025 को कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित किया गया है।

## तापमान में जारी रहेगा उतार चढ़ाव

**रांची।** रांची और आसपास के इलाकों में गुरुवार को मौसम के तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। तापमान में पिछले तीन चार दिनों से बढोत्तरी हो रही थी। लेकिन गुरुवार को उत्तर, उत्त?री -पश्चिमी हवा के चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि फिलहाल तापमान में उतार चढ़ाव जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर उत्तरी- पश्चिमी हवाओं के कारण आनेवाले दो तीन दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की जाएगी। इसके बाद तापमान में फिर से बढोत्तरी होगी। वहीं गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.3 डिग्री और न्यूतनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बुधवार की तुलना में गुरुवार को रांची में न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। इसी प्रकार जमशेदपुर में 33.3 और 15.5, डालटनगंज में 33.5 और 13.5, बोकारो में 32.5 और 12.1, चाईबासा में 34.4 और 13.2 तथा देवघर में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री और न्यूतनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### बजट सत्र | वक्फ विधेयक पर जेपीसी की रिपोर्ट राज्यसभा में पेश

# विपक्ष ने किया वॉकआउट





**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट गुरुवार को राज्यसभा में पेश की गयी। रिपोर्ट को भाजपा सदस्य मेधा कुलकर्णी ने पेश किया। इस दौरान विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही कई बार बाधित हुई। रिपोर्ट में असहमति वाली टिप्पणियों को शामिल नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया।

जेपीसी रिपोर्ट सदन में पेश होने के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि रिपोर्ट में असहमति वाली टिप्पणियों को इसमें से हटा दिया गया है। खड़गे ने इसे निंदनीय और अलोकतांत्रिक बताते हुए सदन के सभापति से रिपोर्ट को खारिज करने और इसे वापस भेजने का आग्रह किया। जेपीसी रिपोर्ट को वापस भेजने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। कर्नाटक से कांग्रेस के सदस्य सैयद नासिर हुसैन ने कहा कि रिपोर्ट से उनके असहमति नोट हटा दिए गए हैं। जेपीसी सदस्यों के बीच कोई चर्चा नहीं हुई। खरगे के दावों का विरोध करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि असहमति वाले नोट रिपोर्ट के परिशिष्ट में शामिल हैं। उन्होंने विपक्ष पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट से कोई कटौती या निष्कासन नहीं किया गया है। विपक्ष एक अनावश्यक मुद्दा बना रहा है। वक्फ विधेयक में क्या बदलाव हैं? विधेयक में कुछ प्रमुख बदलाव शामिल हैं, जैसे राज्य वक्फ बोर्डों में कम से कम दो गैर-मुस्लिम सदस्य होना और यह तय करने के लिए एक सरकारी अधिकारी को शामिल करना कि कोई संपत्ति वक्फ संपत्ति है या नहीं। वक्फ विधेयक का उद्देश्य वक्फ बोर्डों के प्रबंधन के तरीके को बदलना है। ये बोर्ड मुस्लिम समुदाय द्वारा धार्मिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए दान की गई संपत्तियों की देखरेख के लिए जिम्मेदार है। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस रिपोर्ट में किसी भी सदस्य की असहमति या किसी इनपुट को हटाया नहीं गया है। इस सदन में झूठ फैलाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। संबंधित मंत्री ने सदन में स्पष्ट बयान दिया है। इस सदन को निष्क्रिय बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह बहस, संवाद, चर्चा, विचार-विमर्श का घर है। इस सदन द्वारा लिया गया निर्णय अंततः बहस और विचार-विमर्श के आधार पर लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुरूप होगा। संसद में विपक्ष के हंगामे के बीच तीन सदस्य वेल तक पहुंच गए। इसको लेकर सभापति ने कहा कि यह गंभीर मामला है। इसमें उदारता दिखाने का मतलब संविधान के निमार्ताओं का अनादर करना है। इस पर सदन के नेता जेपी नड्डा ने विपक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग देश को तोड़ने की साजिश कर रहे हैं। कुछ लोग भारतीय राज्य के खिलाफ लड़ने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस और विपक्ष उन लोगों के हाथ मजबूत करने का काम कर रहे हैं जो देश को 'कमजोर' करना चाहते हैं।

### सदन की कार्यवाही 10 मार्च तक स्थगित

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का पहला भाग गुरुवार को पूरा हो गया और दोनों सदनों की कार्यवाही 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों की कार्यवाही 31 जनवरी से शुरू हुई थी। इस दौरान दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट पर चर्चा की गयी। वित्त मंत्री ने आज राज्यसभा में बजट पर हुई चर्चा का जवाब दिया। लोकसभा और राज्यसभा में आज वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट को पेश किए जाने के दौरान दोनों सदनों में विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्ष का कहना था कि रिपोर्ट में विपक्ष के नेताओं के असहमति के बिंदुओं को हटाया गया है। विपक्ष के नेता इसको लेकर लोकसभा अध्यक्ष से भी मिले। उन्होंने लोकसभा में जानकारी दी कि विपक्ष की ओर से उठाए गए विषयों को जेपीसी रिपोर्ट में शामिल कर लिया गया है।

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू



**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर भारत के जातीय हिंसा से ग्रस्त मणिपुर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने चार दिन पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। विधानसभा को निलंबित कर दिया गया है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का मानना है कि ऐसी परिस्थितियां पैदा हो गई हैं, जिसके कारण संविधान के प्रावधानों के तहत राज्य की सरकार नहीं चल सकती है। उल्लेखनीय है कि मणिपुर पिछले काफी समय से राज्य के दो प्रमुख समुदायों के बीच जारी जातीय हिंसा का गवाह बना है। राज्य में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार है। राज्य के मुख्यमंत्री पद से एन बीरेन सिंह ने 9 फरवरी, 2025 को इस्तीफा दिया था। इसी बीच कुछ समय पहले पूर्व केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला को राज्य का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। अब राष्ट्रपति के निर्देश पर उनके हाथों में राज्य की कमान होगी।

### राष्ट्रपति 14 व 15 को कर्नाटक व झारखंड में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 14 एवं 15 फरवरी को कर्नाटक और झारखंड का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति भवन ने गुरुवार को बताया कि राष्ट्रपति मुर्मु 14 फरवरी को आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा बेंगलुरु में आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगी। 15 फरवरी को राष्ट्रपति मुर्मु रांची में बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह को संबोधित करेंगी।

## मैट्रिक और इंटरमीडिएट की आज परीक्षाएं स्थगित, चार मार्च को होगी 14 फरवरी की परीक्षा



**रांची।** राज्य भर में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से ली जा रही मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुक्रवार को स्थगित रहेंगी। राज्य सरकार ने मुस्लिम समुदाय के त्योहार शब ए बारात पर होनेवाले अवकाश के चलते इन परीक्षाओं को स्थगित किया है। अवकाश को लेकर उपर्युक्त दोनों परीक्षाओं में लिये जाने वाले पेपर की परीक्षा अगली तिथि चार मार्च को होगी। शुक्रवार को जिन पेपर की परीक्षाएं होनी थी उनमें जनजातीय भाषा खडिया, खोरठा, कुरमाली, नागपुरी और पंच परगनिया की परीक्षा शामिल हैं। उल्लेखानीय है कि ये परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरू हैं और तीन मार्च तक होनेवाली थी, लेकिन अब ये परीक्षाएं चार मार्च तक चलेंगी। अवकाश के कारण राज्य के सभी सरकारी कार्यालय शुक्रवार को बंद रहेंगे। अवकाश को लेकर कार्मिक विभाग ने गुरूवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

## सोनाहातू में घर में लगी आग, दंपति की जलकर मौत



**रांची।** रांची के सोनाहातू थाना क्षेत्र अंतर्गत डिबाडीह गांव बने एक घर में आग लगने से दंपति की जिंदा जलने से मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार घटना बुधवार देर रात की है। डिबाडीह गांव में बाइक मकैनिक का काम करने वाले रंजीत साहू (46) और उनकी पत्नी मीना देवी (42) की आग में जलकर मौत हो गई है। घटना के समय घर में केवल पति-पत्नी ही मौजूद थे। गांव वालों ने बताया कि मृत रंजीत साहू का बेटा पंक्चर की दुकान चलाता है और वो रात के समय उसी दुकान में था, इसलिए उसकी जान बच गई। सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार ने गुरुवार को बताया कि बाइक का काम करने वाले रंजीत साहू और उनकी पत्नी मीना देवी की घर में लगी आग की चपेट में आकर मौत हो गई है। जानकारी मिलने पर दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि मृतक बाइक मिस्त्री रंजीत साहू खुदरा में लाकर पेट्रोल और डीजल भी बेचता था। रात में जब शॉर्ट सर्किट की वजह से घर में आग लगी तो वहां रखे पेट्रोल और डीजल की वजह से आग ने भयावह रूप ले लिया। इस बीच रंजीत और उसकी पत्नी को भागने का मौका नहीं मिला और दोनों की जलकर मौत हो गई।

### रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड और अन्य से जुड़ी योजनाओं की हाई पॉवर कमेटी की समीक्षा

# नाबार्ड के सहयोग से चल रहीं योजनाओं को गति दें : मुख्य सचिव




**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से चल रहीं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजना क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के ससमय पूरा होने से ही नाबार्ड के ऋण का फायदा मिलेगा। उन्होंने बहुत धीमी गति वाली योजनाओं के कार्य में प्रगति लाने और जो समय पर पूरी हो सकती हैं, उन योजनाओं पर फोकस करने पर बल दिया। मुख्य सचिव गुरुवार को रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड और अन्य से जुड़ी योजनाओं की हाई पॉवर कमेटी की समीक्षा बैठक कर रही थीं। इस दौरान योजनाओं के विरुद्ध स्वीकृत ऋण निकासी के बाद बचे पैसे (गैप) पर भी गहन मंथन किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की संभावित योजनाओं पर चर्चा की गयी। समीक्षा के दौरान बताया गया कि विभिन्न विभागों की वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 2921.79 करोड़ की 500 योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 1839.39 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत हैं या प्रक्रियाधीन हैं। उसमें से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पेयजल से जुड़ी 1137.53 करोड़ की 18 योजनाओं के लिए 976.96 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हो चुका है। जल संसाधन विभाग के 365.30 करोड़ के पलामू लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 308 करोड़ और 511.36 करोड़ के पीरटांड़ मेगालिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 461.53 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत है। परियोजनाओं को लेकर बताया गया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की 369 गोदाम और मार्केटिंग सेंटर बनाने के लिए 103.66 करोड़ की योजना के विरुद्ध 92.85 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं ग्रामीण कार्य विभाग की ग्रामीण पुल निर्माण की 803.94 करोड़ की योजना है। इसमें से 124 पुल निर्माण के लिए 271.35 करोड़ का ऋण प्रक्रियाधीन है। समीक्षा के दौरान स्पष्ट हुआ कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सड़क निर्माण विभाग की 1,088.36 करोड़ की 34 में से 22 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 12 लगभग पूरी होने की स्थिति में हैं। वहीं जल संसाधन विभाग की 2,873 करोड़ की सिंचाई योजनाओं में से 4 बड़े प्रोजेक्ट पूरा होने की स्थिति में हैं। ग्रामीण विकास विभाग की 380 करोड़ की योजनाओं की प्रगति बढ़िया पायी गयी।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार, पथ निर्माण के प्रधान सचिव सुनील कुमार, कृषि सचिव अबू वक्कर सिद्दीकी, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन एवं नाबार्ड के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।




# 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह को लेकर भिक्षाटन सह जागरूकता कार्यक्रम, ली आर्थिक मदद

बंशीधर न्यूज

**रमना :** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी के सचिव विकास कुमार माली ने गढ़वा में होने वाले 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर प्रखंड मुख्यालय में भिक्षाटन सह जागरूकता कार्यक्रम चलाया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद नगर भ्रमण कर सभी दुकानदारों से आर्थिक सहयोग प्राप्त किया गया। साथ ही शादी समारोह में भाग लेने के लिये लोगों को निमंत्रण भी दिया गया। मौके पर श्री माली ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर सभी जाति धर्म की 251 कन्याओं की शादी का संकल्प उन्होंने लिया है। जिसे सभी के सहयोग एवं आशीर्वाद से पूरा किया जाना है। इसी सिलसिले में वे रमना पहुंचे हैं। रमना की जनता एवं जनप्रतिनिधियों ने जिस उदारता के साथ उनका सहयोग किया है, उससे इस कार्य को लेकर उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने दुर्गा मंदिर जाकर माता रानी का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। मौके पर प्रमुख करुणा सोनी, सिलीदाग मुखिया अनिता देवी, मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा, पारा शिक्षक अजीत सोनी, देवकुमार ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### दहेज के लिये नवविवाहिता की हत्या का आरोप

**हुसैनाबाद :** हैदरनगर थाना अंतर्गत सिंघना गांव निवासी लल्लू यादव की 21 वर्षीय पुत्री इंदु देवी को उसके ससुराल पिपरा थाना के अंबा झरना में जहर देकर मार देने का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना मंगलवार की शाम की बताई जा रही है। बुधवार की सुबह शव को अनुमंडल अस्पताल हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम के लिये लाया गया। मृतका इंदु देवी के पिता लल्लू यादव ने पिपरा थाना को लिखित आवेदन देकर अपनी पुत्री की जहर देकर मार डालने का आरोप ससुराल वालों के खिलाफ लगाया है। उन्होंने बताया है कि उनकी पुत्री इंदु की शादी पिपरा थाना के अंबा झरना निवासी भूखन यादव के पुत्र प्रवीण यादव के साथ मई 2022 में हुई थी। विवाह के दौरान उन्होंने अपने सामर्थ के अनुसार दहेज में सारा सामान दिया था। बाद में इंदु देवी (मृतका) के भाई की नौकरी हो गई, जिसके बाद उसके ससुराल के लोग उसपर मायके से बाईक मांगने का दबाव बनाने लगे। इस बीच उसके साथ मारपीट भी किया जाने लगा। लल्लू यादव ने बताया है कि कुछ माह पूर्व उनकी पुत्री इंदु देवी व उसके पति सिंघना गांव उनके घर आये थे तब भी उन्होंने अपनी बेटी की विदाई के समय अपने दामाद को 85 हजार रुपया दिया था। जाने के बाद फिर दो लाख रुपये नगद एवं बाईक की मांग वह करने लगे। लल्लू यादव ने पिपरा थाना को दिये गये आवेदन में समधी भूखन यादव, दामाद प्रवीण यादव, सास एवं ननद पर पुत्री को जहर देकर मारने का आरोप लगाया है।

**सतबहिनी** पत्रकार के निधन के कारण रथ, विराट कलश यात्रा कैंसिल

# झरना तीर्थ में 25वें मानस महायज्ञ की कलशयात्रा

बंशीधर न्यूज



**कांडी :** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में 25 वां मानस महायज्ञ सह रजत जयंती समारोह गहरे शोक के वातावरण में शुरू हुआ। सतबहिनी झरना तीर्थ की विराट कलश यात्रा की स्थापित परंपरा की जगह 13 फरवरी को स्थानीय झरना घाटी की परिक्रमा करके यहीं से यज्ञाचार्य पं श्यामबिहारी वैद्य के नेतृत्व में याज्ञिक पुरोहितों की टोली के द्वारा कलशों में अभिमंत्रित जल भरवाया गया। इससे पूर्व मुख्य यजमानों कृष्णा शर्मा व धर्मपत्नी सुशीला देवी तथा अमरेश चंद्र व उनकी धर्मपत्नी पूनम देवी व अन्य के प्रधान कलश व सभी निराहार व्रती कलश यात्रियों के कलशों का सतबहिनी भगवती मंदिर में संकल्प कराया गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रियों ने कलशों के साथ विभिन्न मंदिरों व यज्ञ मंडप की परिक्रमा करके कलशों को स्थापित किया। कलश यात्रा का नेतृत्व समिति के अति विशिष्ट सदस्य सह विद्या कुंड अयोध्या के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री महंत प्रेम शंकर दास जी महाराज व समिति के अध्यक्ष सह विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने की। जबकि अन्य सभी कोटि के सदस्य व आम जन भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के संस्थापक अध्यक्ष, संयोजक व वर्तमान में सरकारी समिति के सदस्य सह मीडिया के माध्यम से इस स्थल को राष्ट्रीय क्षितिज पर पहुंचाने वाले वरिष्ठ पत्रकार प्रियरंजन सिन्हा के पुत्र युवा पत्रकार आशुतोष रंजन का 10 फरवरी की शाम अकस्मात निधन हो जाने के कारण यज्ञायोजन पर शोक का वातावरण भारी पड़ गया। नतीजा है कि वाहनों से विराट कलश यात्रा, रथ, बाजा गाजा आदि का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। मौके पर अध्यक्ष सह विधायक नरेश प्रसाद सिंह, सचिव पं मुरलीधर मिश्र, संत हरिदास जी, नंदलाल दुबे, मोरबे पंचायत की मुखिया प्रतिनिधि ललन सिंह, आतिश कुमार सिंह, गोपी सिंह, रघुनंदन राम, देवी दयाल राम, सुखदेव साव, दिना नाथ प्रसाद, करंजू पाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सीपी मेमोरियल स्कूल में लीगल लिटरेसी क्लास



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में सीपी मेमोरियल स्कूल में लीगल लिटरेसी क्लास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पीएलवी रमाशंकर चौबे ने सर्वधर्म प्रार्थना से की। उन्होंनें शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, दहेज प्रथा उन्मूलन, बाल मजदूरी प्रतिशेध अधिनियम के बारे में बच्चों को जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के महत्व को बताया एवं नशीले पदार्थ के सेवन की रोकथाम के लिये बच्चों को जागरूक किया। पीएलवी सुधीर कुमार चौबे ने सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने श्रम विभाग द्वारा श्रमदान पोर्टल पर मजदूरों के निबंध के संबंध में जानकारी दी। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रूपेश कुमार मेहता सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

### शिक्षक नंदू राम का निधन



**रमना :** प्रखंड के बहियार खुर्द गांव निवासी 53 वर्षीय शिक्षक नंदू राम का निधन हो गया। वह किडनी की बीमारी से पीड़ित थे। उनका इलाज पीजीआई लखनऊ में चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। बुधवार को गांव के श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि इकलौते पुत्र आशुतोष ने दी। विदित हो कि 12 वर्ष पूर्व पत्नी उषा देवी ने उन्हें अपनी किडनी दी थी। नंदू राम के असामायिक निधन पर मुखिया सोनी देवी, शिक्षक फुलेंद्र राम, उमेश प्रसाद कर्ण, विष्णुदेव मांझी, नंदकिशोर चौबे, राकेश पांडेय, मनोज सिंह, शारदा देवी, प्रमोद सिंह, राहुल टंडवाल, राहुल गौतम, मुन्ना सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र बैठा, जैसन राम सहित कई लोगों ने गहरी संवेदना प्रकट की है।

### महिला से शारीरिक संबंध बनाकर 12 लाख ठगने वाला युवक धराया

**मेदिनीनगर।** पुलिस ने 24 वर्ष की तलाकशुदा महिला से शारीरिक संबंध बनाकर उसकी 12 लाख की संपत्ति ठग लेने के मामले में कांदू मोहल्ला के धीरज चंद्रवंशी (28) को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। महिला दिल्ली में रहकर काम करती है और उसका मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र में भी घर है। महिला का आरोप है कि धीरज के घर आना जाना होता था। नजदीकियां बढ़ने के कारण एक दिन धीरज उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ यौन संबंध बनाया और उसकी अश्लील तस्वीर खींच ली। फोटो दिखाकर बदनाम करने एवं बेइज्जत करने की धमकी दी। अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर बार-बार यौन संबंध बनाया करता था। इसी बीच इसकी जानकारी उसके पति को हुई तो उसके पति ने उसे तलाक दे दिया। युवक के परिजनों ने साजिश एवं षड्यंत्र रचकर उसकी शादी धीरज से कर दी। सारे सामान भी रख लिए। उसके बैंक खाते में तीन लाख रूपए थे। धीरज ने धीरे-धीरे सारे पैसे ले लिए। उसकी मां सुनीता देवी ने समूह से चार लाख रुपए कर्ज ली थी, उसे भी दूसरे से कर्ज लेकर चुकता किया। गहना बेचकर धीरज ने बैटरी वाला टेंपो 55 हजार देकर फाइनेंस कराया और सारी कमाई रख लेता था। इसी बीच उसके पिता राजकुमार कैंसर रोग के कारण बीमार पड़े और उनका दिल्ली में रहकर इलाज करवाया। तीन लाख से अधिक इलाज में खर्च किया। राजकुमार की दिल्ली में मौत हुई। वहीं महिला ने बताया कि नौकरी करने के लिए दिल्ली चली गई। जब मैं धीरज को दिल्ली बुलाई तो उसके माता-पिता इनकार कर दिए और उसकी शादी के लिए लड़की देखने लगे। इसकी जानकारी होने पर दिल्ली से लौटी तो उन लोगों ने मुझे घर में घुसने नहीं दिया और मारपीट की। धीरज उसके साथ शराब पीकर दुर्व्यवहार करता था। धीरज है उसके परिजनों ने मिलकर उसकी 10 से 12 लाख रुपए के गहने सहित अन्य संपत्ति ठग ली है।

## टेंडर रद्द होने पर संवेदकों ने किया हंगामा



**मेदिनीनगर।** भवन निर्माण विभाग मेदिनीनगर में टेंडर को लेकर एक बार फिर हंगामा किया गया। टेंडर रद्द होने पर कई संवेदक आक्रोशित नजर आए। संवेदकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मैनेज नहीं होने के कारण टेंडर को कार्यपालक अभियंता महेंद्र राम ने रद्द कर दिया। संवेदकों ने कार्यपालक अभियंता पर कुछ चुनिंदा ठेकेदारों को ही ठेका देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसी संस्कृति बर्दाश्त से बाहर है। गुरूवार को टेंडर डालने पहुंचे ठेकेदार रजनीश सिंह, अजीत तिवारी, मृत्युंजय, विजय कुमार सिंह, पिंटू शुक्ला, प्रभात ट्रेडर्स के संवेदक सहित कई ने आरोप लगाते हुए कहा कि मैनेज नहीं होने के कारण इस टेंडर को बार-बार टाला जा रहा है। पहले 28 जनवरी को टेंडर निकाला गया था। फिर समय बढ़ाकर आठ फरवरी किया गया। 13 फरवरी को टेंडर डालने की तिथि निर्धारित की गयी थी। जब टेंडर पेपर तैयार कर टेंडर डालने पहुंचे तो पेपर डालने वाला बक्सा ही गायब पाया गयाा। इसे लेकर कार्यपालक अभियंता के साथ ठेकेदारों की कहा सुनी भी हुई। कुछ देर के बाद टेंडर को रद्द करने का नोटिस कार्यालय के बोर्ड पर चिपका दिया गया। रद्द किया गया टेंडर स्कूल की चहारदीवारी निर्माण, थाना में कमरा बनाने, पेवर ब्लॉक बिछाने, हॉस्टल में पेयजल की व्यवस्था, हॉस्पिटल में निर्माण कार्य से सम्बंधित था। ठेकेदारों के आरोप पर कार्यपालक अभियंता ने कहा कि संवेदक टेंडर डालने में नियम का पालन नहीं कर रहे थे। वे आपस में टेंडर मैनेज करना चाहते थे।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी में चलाया जागरूकता कार्यक्रम**

# विद्यार्थियों को दी गयी कानून की मुख्य बिंदुओं की जानकारी

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा की ओर से बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी के सभागार में 90 दिवसीय आउटरीच सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप जलाकर की। इस दौरान यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने स्वागत गान, नृत्य के साथ गुरु मंत्र की प्रस्तुति दी। मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति बाबू दिनेश सिंह ने स्वागत भाषण के साथ विश्वविद्यालय की महता पर प्रकाश डालते हुये विभिन्न तरह के फैकल्टी के बारे में अवगत कराया। मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा अध्यक्ष नलिन कुमार ने भारतीय संविधान के साथ प्रशिक्षणरत छात्र-छात्राओं को कानून की मुख्य बिंदुओं की जानकारी देते हुये उनके द्वारा पूछे गये कई बिंदुओं पर सवाल का जवाब भी दिया। वहीं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार ने पोक्सो कानून एवं जुवेनाईल जस्टिस बोर्ड के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवनाथ त्रिपाठी ने बौद्धिक प्रॉपर्टी एवं मोटर वाहन अधिनियम पर प्रकाश डाला। जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के सचिव रवि चौधरी ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण 1987 के गठन और नालसा स्कीम एवं झालसा के कार्य तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। जबकि एसडीजेएम मोनिका प्रसाद ने महिलाओं पर हो रहे हिंसा के बारे में जानकारी दी। सिविल जज जूनियर डिवीजन सह मजिस्ट्रेट अभिनव कुमार ने साईबर क्राईम, साईबर सुरक्षा पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। मौके पर चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कुमार विपुल, एसीजेएम संगीता कुमारी, जुडिशल मजिस्ट्रेट वीणा कुमारी, अनुलिका कुमार, जुडिशल मजिस्ट्रेट सह रजिस्टार महेंद्र पंडित, पीएलवी कृष्णानंद दुबे, प्रमोद कुमार, दीनदयाल पाठक, भारत भूषण तिवारी सहित अध्यनरत छात्र-छात्राएं, यूनिवर्सिटी के कई डॉक्टर, कर्मचारी उपस्थित थे।

### आईआईटी मेंस की परीक्षा में तीन विद्यार्थी रहे सफल

**मेदिनीनगर :** शहर के सूदना स्थित डेडीकेटेड एकेडमी में छात्र-छात्राओं का आईआईटी मेंस की परीक्षा में सफल होने पर खुशी का माहौल है। सफल विद्यार्थियों को अकादमी के डायरेक्टर आईआईटी गुरु विनय मेहता ने बधाई दी और आगे एडवांस परीक्षा की तैयारी के लिये विशेष पढ़ाई करने पर बल दिया। इस परीक्षा का आयोजन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के द्वारा 22 जनवरी से 30 जनवरी तक हुआ था, जिसका परिणाम 11 फरवरी को आया। उसमें डेडीकेटेड के छात्रों ने भी बेहतर परिणाम दिया। आरुष कुमार सिंह का 98.22 पर्सेंटाइल रहा तथा यह मैथ में 99.7 परसेंटाइल प्राप्त किये। इनके अलावे अभिनव पांडे ने 90.39 परसेंटाइल प्राप्त किया। वहीं अंजली सिंह ने 84.82 परसेंटाइल प्राप्त कर आईआईटी मेंस में सफलता हासिल की है। मौके पर मानव देवी डेडीकेटेड इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर श्वेता कुमारी एवं वाईस प्रिंसिपल पूनम पांडे ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# रविदास जयंती पर खरसोता में दुगोला कार्यक्रम

बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड के ज्यादातर इलाकों में धूमधाम से संत शिरोमणि रविदास जी कि 648 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने क्षेत्र भ्रमण कर संत शिरोमणि रविदास की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। इधर प्रखंड क्षेत्र के खरसोता गांव में संत रविदास जयंती के अवसर पर दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संत रविदास महान संत के साथ ही समतामूलक समाज के निमार्ता थे। इनकी जयंती देश में नहीं बल्कि विदेशों में भी बनाई जाती है। साथ ही उन्होंने कहा कि धरती पर जितने भी संतों का आगमन हुआ है, हम सब लोगों के लिये कुछ ना कुछ संदेश छोड़कर गये हैं। उनके दिये गये संदेशों को सही मायने में सबों को आत्मसात करने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र को छोड़ लगभग सभी विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा हुआ है। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क की कमी एवं पानी की घोर किल्लत का खामियाजा गरीब लोग भुगत रहे हैं। कहा की चाहे जिस रूप में सरकारी राशि हो या हमारे पर्सनल राशि से हो पूरे विधानसभा क्षेत्र में जरूरतमंद गरीबों के दरवाजे पर पानी की व्यवस्था कराऊंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि 6 महीना के बाद विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के तमाम इलाकों में विकास के बारे में तस्वीर एवं तकदीर बदल दूंगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि विजय राम, खुटहेरिया पंचायत मुखिया अनिता देवी, बबलू कुमार राम, भोला साह, उमाशंकर उर्फ बबलू राम, द्वारिका राम, उमेश तूफानी, जुगल राम, सत्येंद्र कुमार रवि उर्फ लल्लू, राजेश्वर राम, महावीर राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**न्यूज अपडेट्स**

## रिश्वत लेकर भी आवास नहीं देने की शिकायत

**मझिआंव :** प्रखंड क्षेत्र के बोदरा पंचायत की एक महिला लाभुक ने बीडीओ को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिये गये आवेदन में प्रखंड क्षेत्र के बोदरा पंचायत अंतर्गत हरिगांवा गांव निवासी उपेंद्र सिंह की पत्नी सोनी देवी ने लिखा है कि वे अत्यंत गरीब परिवार से हैं। घर के अभाव में किसी तरह मजदूरी कर आधा दर्जन बाल-बच्चों को लेकर भरण पोषण करते हैं। घर के अभाव में जैसे-तैसे जीवन गुजारा कर रहे हैं। झारखंड सरकार के द्वारा घर विहीन लोगों को घर देने के नाम पर पंचायत सचिव अविनाश कुमार के द्वारा सबसे पहले 25 हजार रुपये की मांग की गई। जिसमें किसी तरह कर्ज लेकर 5 हजार रुपये दिया गया। इसके बाद ही आवास का स्वीकृति दी गई। जिसे 7/896/42 65/02573 के तहत क्रम संख्या 35 पर था, ऑनलाईन जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर 177 4058 है, परंतु 5 हजार रुपये देने के बावजूद भी और रुपये 20 हजार की मांग की गई। जिसे देने में असमर्थ रहा, जिसके कारण आवास को रद्द कर दिया गया। जबकि उन्होंने यह भी लिखा है कि इस पंचायत में लोगों का पक्का मकान है उसे भी अबूआ आवास का लाभ दिया गया है। लेकिन मुझे रहने के लिये घर नहीं है। लाभुक सोनी देवी एवं उनके पति ने बताया गया कि बीडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। अगर यहां से न्याय नहीं मिलता है तो वह डीसी के पास जाकर अपनी फरियाद सुनाऐंगे। इस संबंध में पंचायत सचिव अविनाश कुमार ने बताया कि पैसा का लेन देन का आरोप निराधार है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि मैं सोनी देवी के आवास को जांचोपरांत यह रिपोर्ट जिला मे भी भेजा हूं कि कच्चा और पक्का मकान है, जिला से नाम रद्द किया गया है। बीडीओ श्रीमती कनक ने बताई की सबसे पहले जब पंचायत सचिव के द्वारा रुपये की मांग की जा रही थी तो हमें बताना चाहिये था। अबुआ आवास में एक पैसा भी लेन देन नहीं करना है। इस मामले में जांच टीम गठित कर जांचों उपरांत संबंधित पंचायत सचिव पर कार्रवाई की जायेगी।

**गढ़वा** डीसी ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

# अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश

बंशीधर न्यूज





**गढ़वा :** डीसी शेखर जमुआर ने समाहरणालय के सभाकक्ष में विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एवं विभिन्न निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी के साथ बैठक कर जिले में चलाये जा रहे विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा करते हुये अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर परिषद गढ़वा, नगर पंचायत मंझिआंव एवं श्री बंशीधर नगर समेत गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों में सड़क निर्माण, भवन निर्माण, पेय जलापूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत आपूर्ति, खेल विभाग, 15 वें वित्त, नीति आयोग एवं एनएच समेत कई अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई एवं इसके अंतर्गत चल रहे कार्यों को ससमय पूर्ण करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।
डीसी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे विभिन्न सड़क निर्माण को लेकर समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि बिना एनओसी लिये कोई भी कार्य न करें। साथ ही पेय जलापूर्ति योजना के तहत बिछाये जा रहे पाईपलाईन से सड़कों को हो रही क्षति की भरपाई संबंधित एजेंसी द्वारा सड़क की मरम्मती करते हुये करने के लिये निर्देशित किया। उन्होंने पेय जलापूर्ति योजनाओं के तहत विभिन्न खराब पड़े जलमीनारों को चिन्हित करते हुये शीघ्र ही मरम्मती कराने का निर्देश दिया। इस कार्य के लिये 15 वें वित्त से बने सभी खराब पड़े जलमीनार का सर्वे करते हुये जीपीडीपी में शामिल करने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुये डीसी ने पथ निर्माण विभाग एवं एनएच से समन्वय स्थापित करते हुये क्षतिग्रस्त बिजली पोल को दुरुस्त करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, विद्युत विभाग गढ़वा को दिया। खेल विभाग की समीक्षा करते हुये डीसी ने खेल विभाग के अंतर्गत विभिन्न निर्माण हो रहे खेल के मैदानों एवं पर्यटन के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य को शीघ्र ही मूर्त रूप देने के लिये जिला खेल पदाधिकारी गढ़वा को निर्देशित किया। बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, श्री बंशीधर नगर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, गढ़वा सीएस डॉ अशोक कुमार समेत विभिन्न अभियंत्रण विभागों के कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद गढ़वा एवं नगर पंचायत मंझिआंव एवं श्री बंशीधर नगर के कार्यपालक पदाधिकारी एवं सिटी मैनेजर समेत अन्य जिला स्तर के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक भानू ने भाजपा नेता के दादा के निधन पर जताया दुख



**कांडी :** पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने बुधवार को प्रखंड अंतर्गत लमारी कला गांव निवासी व भाजपा नेता संतोष कुमार सिंह के दादा के निधन की खबर मिलने पर उनके घर पहुंचकर दुख जताया तथा परिजनों को सांत्वना दी। भाजपा नेता श्री सिंह के 97 वर्षीय दादा रामलखन सिंह का निधन शनिवार को वाराणसी स्थित उनके आवास पर हो गया था। वाराणसी में ही उनका दाह संस्कार के बाद श्राद्ध कर्म उनके पैतृक आवास लमारी कला से किया जा रहा है। पूर्व विधायक श्री शाही ने कांडी प्रखंड के पूर्व प्रमुख पिंकू पांडेय, भाजपा नेता रामलाला दुबे, विनोद बिहारी द्विवेदी, संतोष सिंह, मुखिया मूंगा साह, पूर्व मुखिया राजेश गुप्ता, विनोद प्रसाद, आनंद सिंह, पंकज सिंह, बबलू सिंह, निर्मल विश्वकर्मा व गुलशन सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

## सीओ राकेश तिवारी ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त



**विश्रामपुर :** सीओ राकेश तिवारी ने बुधवार की रात नौगढा ओपी क्षेत्र के कोयल नदी से अवैध उत्खनन कर ले जा रहे बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है। सीओ ने जब्त ट्रैक्टर को नौगढा ओपी को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार जब्त ट्रैक्टर नौगढा के राजेश साह का बताया जा रहा है। सरकार के प्रतिबंध को धता बताते हुये विश्रामपुर अनुमंडल के सभी थाना क्षेत्रों में अवैध उत्खनन बदस्तूर जारी है। जिले के पदाधिकारी जब किसी थाना क्षेत्र में छापेमारी करते हैं तब एक दो दिनों तक उसपर रोक लगता है फिर पूर्व की तरह जारी हो जाता है। आमलोगों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन के द्वारा उन्हीं गाड़ियों को जब्त किया जाता है जो उनके संपर्क में नहीं होते हैं। अवैध बालू लदा जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दिया गया है।

## विशुनपुरा में पीएम किसान सम्मान निधि योजना में भारी फर्जीवाड़ा

बंशीधर न्यूज



**विशुनपुरा :** जिला परिषद सदस्य शंभू चन्द्रवंशी ने प्रखंड में पीएम किसान सम्मान निधि योजना में व्यापक पैमाने पर फजीर्वाड़े का खुलासा किया है। उन्होंने प्रखंड के सरांग गांव में पहुंच कर गांव वालों की मौजूदगी में लिस्ट के अनुरूप लाभुकों का भौतिक सत्यापन किया। भौतिक सत्यापन के दौरान जानकारी प्राप्त हुआ कि दर्जनों लाभुक के नाम का कोई व्यक्ति इस गांव में है ही नहीं। ग्रामीण बलराम साव, रामदास सिंह, विनी साह, मानदेव सिंह सहित कई गांव वालों ने बताया कि जो लिस्ट दिखा रहें हैं उसमें हमारे गांव में एक भी मुस्लिम परिवार न यहां रहता है और न ही किसी मुस्लिम परिवार का यहां जमीन है। सरांग एकलौता पंचायत है जहां एक भी मुस्लिम परिवार का न यहां घर और न ही जमीन है। लिस्ट के अनुसार पीएम किसान का लाभ ले रहे अफरोज अंसारी, अजित कुमार कुशवाहा, अकरम राजा, अरफात आलम, असमुदिन अंसारी सहित कई लोगों के नाम हैं जो सरांग गांव में नाम रजिस्ट्रेशन करा कर फर्जी लाभ ले रहें हैं। वहीं उपस्तिथ जिला परिसद सदस्य श्री चंद्रवंशी ने कहा कि विशुनपुरा प्रखंड में हजारों मामले हैं जो फर्जी रजिस्ट्रेशन करा कर पीएम किसान सम्मान निधि का करोड़ो रुपये का स्कैम कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि फर्जी कार्य करने वाले लोग प्रति व्यक्ति 1500 से 2000 रुपये लेकर इस काम को अंजाम दे रहे हैं।

**पूर्व मंत्री मिथिलेश ने की दिवंगत पत्रकार आशुतोष के परिजनों से मुलाकात**

# दी आर्थिक मदद, नौकरी दिलाने का आश्वासन

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा/कांडी :** पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बिंदास न्यूज गढ़वा के संस्थापक निदेशक युवा पत्रकार आशुतोष रंजन के आकस्मिक निधन पर उनके आवास पर जाकर शोक संतप्त परिजनों को ढाढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस अपार दुख की घड़ी में आप लोग अकेले नहीं हैं। मैं आप लोगों के साथ हर परिस्थिति में खड़ा हूं। सरकार आपके साथ खड़ी है। पलामू प्रमंडल के युवा पत्रकार आशुतोष रंजन के अचानक निधन को लेकर पूरे प्रमंडल में शोक का माहौल है। इस स्थिति में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने आशुतोष के पैतृक गांव कांडी थाना के अधौरा गांव स्थित आवास पर जाकर उनके परिजनों से मिलकर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने उनके पिता वरिष्ठ पत्रकार प्रियरंजन एवं दिवंगत पत्रकार के बच्चों से मिलकर गहरा शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि कम उम्र में ही आशुतोष ने अपनी पत्रकारिता की विलक्षण शैली, सरल स्वभाव, मिलनसारिता एवं मृदुभाषी होने के कारण सबों के ऊपर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। आज पूरा जिला नहीं पूरा प्रमंडल मर्माहत है। ऐसी स्थिति में मेरे साथ-साथ सरकार एवं पूरी व्यवस्था आप सबों के साथ खड़ी है। किसी भी परिस्थिति में अपने को अकेला नहीं समझें। पूर्व मंत्री ने आशुतोष रंजन के परिवार को एक लाख रुपये का चेक और श्राद्ध कार्यक्रम के लिये 25 हजार रुपये प्रदान किया। इसके अलावा, उन्होंने परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिलाने का भी आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री ने मेराल थाना क्षेत्र के अकलबानी गांव निवासी जितेंद्र मिश्रा के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की। ज्ञात हो कि 3 फरवरी को गढ़वा-शाहपुर मुख्य मार्ग पर झूरा गांव के समीप सड़क हादसे में उनकी मौत हो गई थी। साथ ही सहिजना के पूर्व वार्ड पार्षद सत्यवती देवी के पुत्र के निधन पर उनके गांव कांडी थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा पहुंचे और मृतक के परिजनों को सांत्वना दिया। मौके पर गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, प्रवक्ता धीरज दुबे, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, चंदन जायसवाल, मनीष कमलापुरी, मुखिया शरीफ अंसारी, सुरेंद्र यादव, राजा सिंह, प्रियम सिंह, मयंक दुबे, अंकित पांडेय, अजय द्विवेदी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री मिथिलेश ने बाबा साहब की प्रतिमा का किया अनावरण

बंशीधर न्यूज




**रंका :** प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के हुरदाग गांव में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती मनाई गई। इस दौरान पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का फीता काटकर अनावरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि हमें संत शिरोमणि गुरु रविदास के बताये मार्गों पर चलने की जरूरत है। हमें जात पात से ऊपर उठकर समाज को आगे बढ़ाने की जरूरत है। पूर्व मंत्री ने कहा कि हम सब एक हैं, हमारा खून एक है। हमें आपस में मिलकर रहना चाहिये। छुआछूत को दूर हटाना चाहिये। आज संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जयंती के अवसर पर हम लोगों ने जो बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण किया है यह यहां के युवाओं की सोच का प्रतिफल है। युवाओं को भी बाबा साहब से प्रेरणा लेकर खुब पढ़ाई करना चाहिये। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, आशीष गुप्ता, रोशन पाठक, इजहार अंसारी, रतन सिंह, मुखिया रीमा देवी, कुमारी रीना भारती, पूर्व मुखिया मालती देवी, किसमतिया देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।




## अर्जुन कपूर की फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' का नया गाना रिलीज

'मेरे हसबैंड की बीवी' फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और यह इंतजार अब जल्द खत्म होने वाला है। यह फिल्म खास है क्योंकि इसमें पहली बार अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर, और रकुल प्रीत सिंह की तिकड़ी नजर आएगी। फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज कर रहे हैं और यह 21 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने इसका नया गाना 'इक वारी...' जारी किया है, जो इस समय सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना है। 'इक वारी...' गाने में अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर, और रकुल प्रीत सिंह का शानदार डांस देखने को मिला है, जो फिल्म की उर्जा को और भी बढ़ा देता है। फिल्म का पहला गाना 'गोरी है कलाइयां...' भी दर्शकों को बहुत पसंद आया था। इस फिल्म में हर्ष गुजराल अर्जुन के दोस्त का किरदार निभा रहे हैं और यह उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म है। फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' की कहानी प्रेम त्रिकोण पर आधारित है। इसके निर्माता वाशु भगनानी और जैकी भगनानी हैं। फिल्म 21 फरवरी, 2025 को रिलीज होने जा रही है।

## अनुपम खेर अपनी 544वीं फिल्म में प्रभास के साथ आएंगे नजर



अभिनेता अनुपम खेर अभी हाल में कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' में स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण की भूमिका में नजर आए। इस फिल्म में उनके अभिनय का दर्शकों ने खूब सराहा। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो पाई। अब, अनुपम खेर ने अपनी 544वीं फिल्म का ऐलान किया है, जिसमें वह सुपरस्टार प्रभास के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। यह दोनों का पहला सहयोग है और इस फिल्म का निर्देशन हनु राघवपुडी कर रहे हैं। अनुपम खेर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रभास और फिल्म के निर्माताओं के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कर अपनी 544वीं फिल्म की घोषणा की है। इस फिल्म में वह साउथ के सुपरस्टार प्रभास के साथ नजर आएंगे। उनकी यह तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं। इस पोस्ट में अनुपम ने लिखा, भारतीय सिनेमा के एकमात्र बाहुबली प्रभास के साथ अपनी 544वीं फिल्म की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। फिल्म का निर्देशन हनु राघवपुडी है। कमाल की कहानी है और क्या चाहिए जीवन में दोस्तों। जय हो। इस पोस्ट में उन्होंने इस आगामी फिल्म का नाम अभी गुप्त रखा गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे अमेरिका, वाशिंगटन में जोरदार स्वागत



# राष्ट्रपति आज रांची में, ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार (14 फरवरी) को दो दिवसीय दौरे पर रांची आ रही हैं। वह बीआईटी मेसरा के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। इसके बाद 15 फरवरी को दिल्ली लौट जायेंगी। उनके रांची आगमन की तैयारी जोर-शोर से चल रही हैं। इसे लेकर रांची के ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। इस संबंध में गुरुवार को ट्रैफिक एसपी ने आदेश जारी कर दिया है।



### ये रहेगा बदलाव

- 14 फरवरी को सुबह आठ बजे से रात्रि दस बजे तक शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
- 14 फरवरी को दोपहर तीन बजे से रात के सात बजे तक तक शहर में छोटे मालवाहन वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
- 14 फरवरी को दिन के तीन बजे से छह बजे तक कांके, रातु, काठीटांड, दलादली, कटहल मोड़ की ओर जाने वाले वाहन शहर से मेन रोड, लालपुर रोड, कांटाटोली रोड से होकर अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे।
- 14 फरवरी को दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक एयरपोर्ट रोड, हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक, सहजानंद चौक, किशोरगंज चौक, न्यू मार्केट चौक, हॉटलिप्स चौक, राजभवन मोड़ तक सड़क का उपयोग कम से कम करें।
- 14 फरवरी को कांके रोड, रातु रोड, कटहल मोड़, काठीटांड की ओर से शहर की ओर आने वाले सभी वाहन कांके रिंग रोड, लालपुर चौक, कांटाटोली रोड होते हुए शहर में प्रवेश कर सकते हैं। आवश्यकतानुसार अन्य मार्गों को अल्प समय के लिए डायवर्ट और स्टॉप किया जा सकता है।
- 15 फरवरी को कांके की ओर से शहर में प्रवेश करने वाले सभी छोटे वाहन सुबह 09:30 बजे से सुबह 11:00 बजे तक रिंग रोड से होकर पिस्का मोड़, पंड़रा होते हुए शहर में प्रवेश करेंगे।
- 15 फरवरी को रांची रेलवे स्टेशन जाने वाले सभी वाहन मेन रोड से होकर फ्लाई ओवर के नीचे से बहु बाजार होते हुए जा सकते हैं।
- 15 फरवरी को सुबह 09:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक कांके रिंग रोड से नेवरी रिंग रोड तक सड़क का उपयोग कम से कम करें।
- 15 फरवरी को सुबह 09:30 बजे से 01:30 बजे तक नेवरी रिंग रोड से बीआईटी मोड़ तक सड़क का उपयोग कम से कम करें। बीआईटी मोड़ से बुटी मोड़, कांटाटोली चौक, फ्लाईओवर, सिरम टोली चौक, सुजाता चौक, डोरंडा थाना चौक, हिनू चौक तक सड़क का इस्तेमाल कम से कम करें।

### एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों के लिए आवश्यक सूचना

14 फरवरी को एयरपोर्ट जाने वाले सभी यात्रियों से अपील है कि जिनकी फ्लाइट 04:00 बजे से 05:30 बजे के बीच है, वे 03:30 बजे तक एयरपोर्ट पहुंच जाए। वहीं 15 फरवरी को एयरपोर्ट जाने वाले यात्री, जिनकी फ्लाइट दिन के 11:00 बजे से 01:30 बजे के बीच है, वे 11:30 बजे तक एयरपोर्ट पहुंच जाने का कष्ट करें।

### मैट्रिक और इंटर परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सूचना

मैट्रिक और इंटर के परीक्षार्थी, जिनकी परीक्षा 15 फरवरी को प्रथम पाली में है, वह परीक्षा केंद्र सुबह 09:30 बजे तक पहुंच जाये। वहीं द्वितीय पाली के परीक्षार्थी सुबह 12:00 बजे तक एग्जाम सेंटर पर पहुंच जाये।

## 38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में शामिल होंगे केंद्रीय गृह मंत्री

**देहरादून।** हल्द्वानी में 14 फरवरी को होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। हल्द्वानी के अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में होने वाले इस समापन समारोह को यादगार बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मेघालय के मुख्यमंत्री कोंगकल संगमा, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा, केंद्रीय खेल एवं युवा मामले की मंत्री रक्षा निखिल खडसे, उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या, नैनीताल सांसद अजय भट्ट, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष व सांसद डॉ पीटी ऊषा भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 जनवरी को देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ किया था। इन राष्ट्रीय खेलों में इस बार 35 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। राष्ट्रीय खेलों का प्रमुख आयोजन देहरादून में हुआ जबकि राज्य के हल्द्वानी, हरिद्वार, रूद्रपुर जैसे शहरों में भी सबसे अधिक प्रतियोगिताएं हुईं। इसके अलावा खटीमा, टनकपुर, अल्मोड़ा, टिहरी जैसे ठेठ पर्वतीय क्षेत्रों में भी खेल गतिविधियां संचालित की गईं।

## Hit लिस्ट

### भारत को अमेरिका देगा अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान

**वाशिंगटन।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यहां हुई ऐतिहासिक मुलाकात के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में महत्वपूर्ण सामरिक घोषणा हुई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ संवाददाता सम्मेलन में यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भारत को अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने का फैसला किया है। इसका मकसद भारत को अत्याधुनिक स्टील्थ विमानों वाले देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल करना है। प्रधानमंत्री मोदी से बेहद सौहार्दपूर्ण मुलाकात के बाद हुए संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि इस साल अमेरिका भारत में सैन्य बिक्री को कई अरब डॉलर तक पहुंचाएगा। हमने भारत को एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान देने का रास्ता खोल दिया है।



### अध्यादेश पर ओली सरकार संकट में

**काठमांडू।** ओली सरकार के अध्यादेश का विरोध करने वाले सत्तारूढ़ गठबंधन दल के नेताओं ने अब सरकार छोड़ने तक की चेतावनी दे दी है।ओली सरकार का समर्थन कर रहे लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (लोसपा), जनमत पार्टी और नागरिक उन्मुक्ति पार्टी ने सरकार पर भूमि संबंधी अध्यादेश को वापस लेने के लिए दबाव बना दिया है। तीन सहयोगी दलों की इस धमकी के बाद सरकार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सरकार को बाहर से समर्थन कर रहे जनता समाजवादी पार्टी ने अध्यादेश के विरोध में मतदान करने का फैसला लेने के बाद अब चौबीस घंटे के भीतर सरकार छोड़ने तक की चेतावनी दे दी है।



## 64 साल पुराने आयकर अधिनियम में बड़े पैमाने पर होगा बदलाव

# वित्त मंत्री ने लोस में पेश किया नया आयकर विधेयक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में बहुप्रतीक्षित नया आयकर विधेयक-2025 पेश कर दिया। नए आयकर विधेयक को सलेक्‍ट कमेटी के पास भेज दिया गया है। इसके साथ ही लोकसभा की कार्यवाही 10 मार्च सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में नया आयकर विधेयक-2025 को पेश करते हुए कहा, हम आयकर धाराओं की संख्या घटाकर 536 कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयकर विधेयक में अध्यायों की संख्या में कमी के साथ-साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस विधेयक का उद्देश्य 64 साल पुराने आयकर अधिनियम में बड़े पैमाने पर बदलाव करना है। नया आयकर विधेयक-2025 भारत की मौजूदा आयकर प्रणाली और वैधानिक प्रावधानों में एक क्रांतिकारी बदलाव के रूप में लाया गया है, जो 21वीं सदी की प्रगति और आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को निरस्त करता है। दरअसल 622 पन्नों वाला यह विधेयक 6 दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 की जगह लेगा। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री ने अपने केंद्रीय बजट-2025 के भाषण के दौरान घोषणा की थी कि संसद के बजट सत्र के दौरान एक नया आयकर विधेयक पेश किया जाएगा। प्रस्तावित कानून को आयकर अधिनियम-2025 कहा जाएगा और अप्रैल 2026 में प्रभावी होने की उम्मीद है।



# पुणे में एक और जीबीएस मरीज की मौत, मरीजों की संख्या 200 के पार

**मुंबई।** पुणे जिले के खडकवासला में गुलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) पीड़ित एक और मरीज की मौत हो गई है। जीबीएस से राज्य में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। राज्य में अब तक जीबीएस के 203 मरीज मिल चुके हैं, इनमें से 109 लोगों को पूरी तरह ठीक होने के बाद छुट्टी दी जा चुकी है। सूबे के विभिन्न अस्पतालों में से 54 मरीज आईसीयू में इलाज करा रहे हैं, जबकि 20 वेंटिलेटर पर हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि खडकवासला क्षेत्रवासी 59 वर्षीय व्यक्ति की जीबीएस से मौत हो गई है। इस मरीज को 10 फरवरी को इलाज के लिए नवले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीज को बहुत कमजोरी महसूस हो रही थी और वह अपनी जगह से हिल भी नहीं पा रहा था। एनसीवी परीक्षण के बाद प्लाज्मोफेरेसिस उपचार किया गया। 11 फरवरी को मरीज को हार्ट अटैक आया था, लेकिन इलाज के दौरान ही आज तड़के 3.30 बजे मरीज की मौत हो गई।



प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)